वार्षिक रिर्पोट
2014-15

BHARAT RURAL LIVELIHOODS FOUNDATION
C-32, IInd Floor, Neeti Bagh, New Delhi
Phone: 011-46061935, Fax: 011-41013385
Website: www.brlf.in
E-mail: info@brlf.in

भारत रुरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन

श्री धान विधि द्वारा धान की खेती को प्रोत्साहन
कन्याश्वरी सृजन

विषय सूची

अध्यक्ष का संदेश	01
बीआरएलएफ के बारे में	03
प्रस्तावना	05
बीआरएलएफ के कार्यों का भौगौलिक केंद्र	09
बीआरएलएफ स्वशासन	11
पारदर्शिता व जवाबदेही	14
निधि/अनुदान जुटाना	15
कार्यक्रम व गतिविधियां	16
कार्यक्रम साझेदार	21



सॉफ्टवेयर एड 360–बीआरएलएफ अनुदान प्रबंधन साधन	37
ग्रामीण व्यवसायियों के कैडर का क्षमतावर्धन	39
बीआरएलएफ के आयोजन	40
तालिका 1: पंजीयन प्रपत्र	41
तालिका 2: ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ अनुबंधपत्र	42
तालिका 3: अनुच्छेद 12ए	48
तालिका 4: 80जी प्रपत्र	49
तालिका 5: खाता अंकेक्षण एवं वित्तीय सारांश (2014–2015)	50

अध्यक्ष का संदेश

मेरे विचार में सिविल सोसाइटी व शासन के बीच आपसी तालमेल व समरसता का भाव पैदा करने की दिशा में भारत रुरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन (बीआरएलएफ) एक अनूठे उदाहरण के रूप में उभरा है। बीआरएलएफ का काम इस बात को दर्शाता है कि किस प्रकार से ये दोनों पक्ष एक मजबूत साझेदारी और एक जुट होकर साथ कार्य कर सकते हैं।

इस साझेदारी ने सिविल सोसाइटी संगठनों को ऐसी जगह प्रदान की है जहां उनके अच्छे कार्यों के प्रभावों को व्यापक स्तर पर ले जा सके। साथ ही इसने शासन को सिविल सोसायटी के नवीन एवं उल्लेखनीय कार्यों का लाभ उठाने का अवसर प्रदान किया है ताकि गरीबी उन्मूलन हेतु प्रमुख कार्यक्रमों में उपलब्ध कराए जा रहे विशाल संसाधनों का अधिक से अधिक प्रभाव जमीन पर दिखे।

बीआरएलएफ के कार्य मध्य भारत के अत्याधिक पिछड़े आदिवासी इलाकों में केंद्रित है, जहां शासन की पहुंच सब से कमजोर है। इस क्षेत्र में दस राज्य शामिल है (गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश व तेलंगाना) बीआरएलएफ का उद्देश्य इन क्षेत्रों में सरकारी कार्यकमों को सुदृढ करना तथा शासन व विकास की कमियों को दूर करना है।

बीआरएलएफ की स्थापना यूनियन केबिनेट द्वारा 3 सितंबर 2013 को लिये गए निर्णय द्वारा एक स्वतंत्र संरचना के रूप में की गई थी। बीआरएलएफ की कार्यकारी समिति में भारत शासन के ग्रामीण विकास मंत्रालय, पंचायती राज व आदिम जाति विकास मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ साथ ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रमुख भूमिका में हैं। नौ राज्यों के ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव व प्रधान सचिव बीआरएलएफ की सामान्य समिती के सदस्य हैं। साथ ही कॉरपोरेट क्षेत्र, बैंकिंग क्षेत्र, पीएसयू व सिविल सोसायटी संस्थान बीआरएलएफ की सामान्य समिती व कार्यकारी समिती में शामिल हैं।

परियोजनाओं के चयन व अनुमोदन की प्रक्रिया में पारदर्शिता कायम रखने के लिये बीआरएलएफ ने आदि से अंत तक संपूर्ण प्रबंधन आधारित कार्य संपादन हेतु टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस के सॉफ्टवेयर ऐड 360 को विकसित किया है। इस पारदर्शी व्यवस्था में परिणाम आधारित कार्य तंत्र के आधार पर कार्यक्रम का निरीक्षण व मूल्यांकन किया जाता है, जिससे कि यह व्यवस्थाओं के प्रबंधन व मूल्यांकन व निरीक्षण हेतु एक शक्तिशाली माध्यम बन सके।

बीआरएलएफ के कार्यक्रमों मे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा घोषित की गई प्रमुख योजनाओं जैसे कि प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान, जन धन योजना, मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना व सुरक्षा बीमा योजना को अनिवार्य रुप से सम्मिलित किया गया है। बीआरएलएफ के सभी साझेदार संस्थाओं के लिये यह अनिवार्य है कि वे इस बात को सुनिश्चित करें कि सभी सहभागी परिवारों को उक्त सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त हो।

भारत में जल संकट, विशेषकर कृषि व भूजल की समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, बीआरएलएफ ने अन्य वित पोषक संस्थाओं व तकनीकी संस्थानों के साथ साझेदारी की है जो कि भारत में सहभागी भूजल प्रबंधन पर विभिन्न भौगौलिक परिस्थितिओं में पायलेट कार्यक्रम स्थापित कर रहे हैं ताकि विभिन्न स्थितियों में प्रयोग व प्रदर्शन प्रमाणित कर उस से लाभ लिया जा सके।

बीआरएलएफ इस बात पर विशेष प्रयास करता है कि, किसानों को गैर रासायनिक कृषि की ओर प्रेरित किया जाए। इस उद्देश्य के समन्वयन में आवश्यक सभी तकनीकी सहायता वह अपने साझेदारों के लिये मुहैया कराने हेतु कार्यरत है। लघु वन उपज के व्यापार का लाभ अधिक से अधिक आदिवासी समुदाय को मिले ऐसे कार्यक्रमों पर बीआरएलएफ विशेश ध्यान देगी।

पंचायती राज संस्थाओं, पेसा व एफआरए के सशक्तिकरण, कृषक उत्पादक संस्थाओं को मजबूती प्रदान करना, सौर उर्जा को प्रोत्साहन देना व समुदाय आधारित संस्थाओं का क्षमतावर्धन भी बीआरएलएफ का फोकस रहेगा ।

बीआरएलएफ का एक महत्वपूर्ण कार्य पूर्ववत व आगत् ग्रामीण व्यवसायियों का क्षमतावर्धन है जो कि शासकीय विभागों, पंचायती राज संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं या समुदाय आधारित संस्थाओं के द्वारा ग्रामीण समुदायों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने हेतु, बीआरएलएफ ने भारत शासन के पंचायती राज मंत्रालय के सचिव श्री एस.एम. विजयानंद की अध्यक्षता में एक संचालन समिती का गठन किया है। इस संदर्भ में बीआरएलएफ व केंद्रिय विश्वविद्यालय गुजरात, के बीच एक अनुबंध पत्र हस्ताक्षरित हुआ है। इसके अंर्तगत क्षमतावर्धन का कार्य जमीन से जुड़ी उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं द्वारा संचालित किया जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा इस बात पर ज़ोर दिया गया व राज्य शासन के प्रतिनिधियों के द्वारा सुझाया गया है कि, बीआरएलएफ को एक औपचारिक अनुबंध के द्वारा राज्य शासन व समुदाय आधारित संस्थाओं के बीच एक मैत्रिपूर्ण संबंध का समन्वय करना चाहिये। बीआरएलएफ राज्य शासनों के साथ इस संदर्भ में एक अनुबंध को अंतिम रूप देने के अग्रिम स्तर पर कार्यरत है।

बीआरएलएफ अनेक संस्थानों के साथ साझेदारी के निर्माण में प्रयासरत् है। बीआरएलएफ वर्तमान में टाटा ट्रस्ट (CInI) के मध्य भारत में सामूहिक समुचित आजीविका गतिविधियों के साथ साझेदारी नियोजित कर रहा है। इस साझेदारी द्वारा बीआरएलएफ को एक उच्च प्रभावी कार्यक्रम में संस्थागत साझेदारी का अवसर प्राप्त होगा, जिसमें कि 10 लाख लघु कृषकों की आजीविका में वृहत सुधार का उद्देश्य रखा गया है, विशेष कर वर्षा सिंचित आधारित क्षेत्रों में जहां समुदाय आधारित संस्थाओं के अलावा अनेक स्टेक होल्डर सभी शामिल होंगे।

पहले चरण में कार्यक्रम का उद्देश्य 50 ब्लॉक में अपनी पहुंच बनाना है तथा अनुमानित परिणामों में सक्रिय ग्रामों का समन्वय, शिक्षा में चरण बद्ध निवेश के द्वारा उन्नत गुणवत्ता के साथ जीवन जीने, स्वास्थ्य, पेयजल व स्वच्छता एवं 3 लाख किसानों की गरीबी से स्थायी मुक्ति को सुनिश्चित करना है।

बीआरएलएफ की कार्यकारी समिती के कई सदस्यों द्वारा उत्तरीपूर्वी राज्यों जहां आदिवासी समुदायों की एक विशाल जनसंख्या निवास करती है में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया है। मिजोरम एवं अरूणाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल ने बीआरएलएफ को अपनी साझेदारी में रूचि दिखाते हुए पत्र भी प्रेषित किया हैं। बीआरएलएफ की ओर से एक प्रतिनिधि समूह इन राज्यों में दौरा करने जा रही है जिसमें कि बीआरएलएफ व राज्यों के बीच साझेदारी के निर्माण को लेकर रूपात्मक चर्चा की जाएगी।

बीआरएलएफ अभी अपने आरंभिक स्तर पर उदित हुआ है। मैं टीम बीआरएलएफ को इस असाधारण प्रगति को इतने कम समय में प्राप्त करने के लिये बधाई देता हूं। साथ ही मैं बीआरएलएफ की सामान्य समिती व कार्यकारी समिती के सदस्यों को विशेष धन्यवाद देता हूं जिन्होंने हर मौके पर मार्गदर्शन दिया है। अंत में, मैं भारत शासन के ग्रामीण विकास मंत्रालय व सभी राज्य शासनों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने सतत् प्रोत्साहन से बीआरएलएफ द्वारा किये जा रहे कार्यों को अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया है।

डॉ. मिहिर शाह

बीआरएलएफ के बारे में

भारत रुरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन (बीआरएलएफ) की स्थापना भारत शासन द्वारा एक स्वतंत्र सोसायटी के रूप में भारत शासन की साझेदारी में सिविल सोसाइटी की गतिविधियों के विकास हेतु की गई है। यह एक स्वयत्त संरचना है जो की सोसाइटी पंजीयन एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत की गई है।

बीआरएलएफ को सर्वप्रथम वर्ष 2012 में संसद में वित्त मंत्री के द्वारा पैरा 111 में प्रस्तावित किया गया था, जिसमें यह कहा गया, ''यह प्रस्तावित किया जाता है कि भारत रुरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन की स्थापना आजीविका के द्वारा की जाए। यह फाउंडेशन सिविल सोसाइटी की गतिविधियों का विकास व उनके विकास में सहयोग करेगा तथा विशेषरूप से आदिवासी क्षेत्रों के 170 जिलों में कार्य करेगा। निजी ट्रस्ट व मानवीय विषयों पर कार्यरत संस्थाओं को इस स्वायत्त संरचना के साथ जुड़कर कार्य करने व व्यवसायिक प्रबंधन हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।'' उक्त उद्घोषणा के उपरांत यूनियन केबिनेट की दिनांक 3 सितंबर 2013 में हुई बैठक में यह तय हुआ कि एक स्वतंत्र संरचना की स्थापना की जाएगी व शासन की साझेदारी में सिविल सोसाइटी की गतिविधियों को विकसित किया जाएगा। केबिनेट ने मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों में शासकीय व विकास कार्यक्रमों की असफलता पर अपना बोध जताया और ग्रामीण कार्यकर्ताओं के क्षमतावर्धन, इन क्षेत्रों में प्रमुख कार्यक्रमों में उच्च गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन, व आदिवासी समुदायों में शासकीय संरचनाओं व भारतीय लोकतंत्र पर विश्वास के निर्माण करने की आवश्यकताओं पर अपनी सहमति दी।

13 जनवरी 2014 को ग्रामीण विकास मंत्रालय व बीआरएलएफ के बीच एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौते के अंतर्गत यह तय किया गया है कि भारत शासन बीआरएलएफ को 500 करोड रूपये कॉर्पस निधि के तौर पर अनुमोदित करेगा यह राशि दो किश्तों में वित्तीय व्यय समिति की अनुशंषा द्वारा जारी की जाएगी। इसके साथ ही संबंधित राज्य शासन व अन्य मानवीय सामाजिक फाउंडेशनों द्वारा भी वित्तीय सहायता एकत्रित की जाएगी।

शासन की साझेदारी में सिविल सोसाइटी के विकास की गतिविधियों को पोषित व समायोजित करने हेतु बीआरएलएफ की स्थापना की गई है, फाउंडेशन आरंभिक चरण में मध्यभारत के आदिवासी क्षेत्रों में अपने कार्यक्रमों को संचालित करेगा।फाउंडेशन का उद्देश्य ज़मीनीस्तर पर संचालित कार्यक्रमों को सहयोग करना है जिससे लोगों खासकर आदिवासी समुदाय का सशक्तीकरण किया जा सके एवं नवीन कार्यक्रम एवं रणनीतियों को बढावा दिया जा सके। अमुख नवीन कार्य तकनीकी, सामाजिक लामबंदी, संस्थागत निर्माण, साझेदारी निर्माण, प्रबंधन तकनीकी आदि जैसे बहुउद्देशिय दिशाओं में हो सकते हैं।

नीतिगत स्तर पर, बीआरएलएफ द्वारा पोषित प्रत्येक कार्यक्रम,इस बात का प्रयास करेगा कि वह बैंक व शासन की विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय ग्रामीण विकास व आजीविका कार्यक्रमों व योजनाओं से अधिकसंसाधन प्राप्त करे। यह तय किया गया है कि बीआरएलएफ ऐसे कार्यक्रमों को मुख्यतौर पर मदद करेगा जिन्हें पहले से ही शासकीय अनुदान प्राप्त हैं।

बीआरएलएफ की प्रारंभिक प्राथमिकता मध्यभारत के आदिवासी क्षेत्रों, जो कि ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, राजस्थान व गुजरात के ऐसे 190 जिलों के 1077 ब्लॉक जनपद/तहसील/ताल्लुका/मंडल जिनमें कि 20 प्रतिशत आदिवासी जनसंख्या निवास करती हो को दी जाएगी।

बीआरएलएफ का रजिस्ट्रेशन सर्टीफिकेट अनेक्जर 1
बीआरएलएफ एवं ग्रामीण मंत्रालय के बीच एमओयू अनेक्जर 2
बीआरएलएफ के समस्त क्षेत्र एवं ब्लॉक की जानकारी जानने के लिए कृपया बीआरएलएफ की वेबसाइट www.brlf.in का संदर्भ लें।

महिलाओं द्वारा सब्जी उत्पादन, तपनखंड, पश्चिमी बंगाल, पूर्व वित्त टी.एस.आर
श्रेय: राजीव राउल

प्रस्तावना

यह पूर्णरूप से स्पष्ट है कि शासन एवं सिविल सोसाइटी की साझेदारी में ही जमीनी स्तर पर सम्मिलित विकास को प्रोत्साहित किया जा सकता है। बीआरएलएफ के मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार से हैं।

शासन के साथ समायोजन करते हुए सिविल सोसाइटी गतिविधियों को आजीविका व ग्रामीण परिवारों के जीवनयापन हेतु ऐसा समन्वयन करना जो कि विशेष रूप से महिलाओं ख़ासकर मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों पर केंद्रित हो।

सिविल सोसाइटी संस्थाओं को आर्थिक अनुदान मुहैया कराना ताकि वे अपने मानव संसाधनों व संस्थागत खर्चों को पूरा कर पाएं व संस्थागत अनुदान देना जिससे कि वे विकास कार्यों को पूरा कर पाएं। साथ ही छोटे सिविल सोसाइटी संस्थाओं को संस्थागत स्तर पर मजबूत करना, उनका क्षमतावर्धन करना तथा ज़मीनीस्तर पर कार्य करने हेतु उनमें व्यवसायिक मानव संसाधनों का विकास करना।

बीआरएलएफ अपने प्रमुख उद्देश्यों को अग्रलिखित तीन स्तंभों में प्राप्त करने का प्रस्ताव रखता है।

बीआरएलएफ के प्रमुख उद्देश्यों में से एक अनिवार्य उद्देश्य आदिवासी समुदायों में विशेषकर महिलाओं के लिये स्वचलित आजीविका के उपायों को बढावा देना जिससे कि उनका समाज में सम्मान व स्थान व संसाधनों पर आदिवासी समुदायों विशेषकर महिलाओं का नियंत्रण व पहुंच बढे, प्राकृतिक संसाधनों की वहन क्षमता में वृद्धि हो, उत्तरदायी, जवाबदेह, पारदर्शी प्रबंधन व स्वशासित संस्थाओं, मजबूत और चलित सेवारत व्यवस्था व सही सेवा मापदंड, युवाओं के लिये नए मौके विकसित करना प्रमुख उद्देश्य है।

बीआरएलएफ के साथ कोई संस्था साझेदारी में शामिल होती हैं तो, कार्यक्रमों की लागत व परिणामों के बीच के फर्क़ को मिटाने का एक तरीका यह भी होगा कि ज़मीनीस्तर पर कार्यरत स्वशासित लोकतांत्रिक संस्थाओं को मज़बूत बनाया जाए, कार्यक्रम के क्रियान्वयन की गुणवत्ता में सुधार किया जाए, खामियों को मिटाया जाए, संघर्षरत क्षेत्रों में विकास व शांति के नवीन व अनोखे प्रयास किये जाएं। बीआरएलएफ द्वारा अनुदान सहयोग व क्षमतावर्धन दोनों ही गतिविधियों के द्वारा इस दिशा में कार्य किया जाता है।

बीआरएलएफ अपनी साझेदारी और जुडाव के साथ सम्मिलित रूप से मिलकर कार्य करने और मदद करने, सामाजिक व प्राकृतिक परिवेश को संरक्षित व संजीवित करने व सांस्कृतिक व सामाजिक धरोहर को संरक्षित व संजीवन के प्रोत्साहन हेतु प्रयासरत् है। इनमें दस्तावेजों का संग्रहण, जिनमें ऑडियो, मौखिक, लिखित, दृश्य श्रृव्य, ऑनलाइन तथा रंगमंच माध्यमों के प्रचार प्रसार आदि भी शामिल हैं। इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रकाशन, प्रति प्रकाशन, किताबों का प्रयोजन व प्रसार, नीतिगत दस्तावेज, नवीन विचारों पर प्रकाशित तत्कालीन प्रकाशन, पर्चे, विज्ञप्ति व अखबार आदि का प्रयोग किया जा सकता है। प्रस्तुति, सेमिनार, परिचर्चा, गोष्ठि, प्रर्दशनी आदि समान गतिविधियां भी इसके अंतर्गत आती हैं। बीआरएलएफ की परिकल्पना है कि आने वाले समय में शोध व ज्ञान केंद्र के रूप में बीआरएलएफ को राष्ट्रीय स्तर का ज्ञान व सूचना मंच मिले जिसके द्वारा प्राकृतिक संसाधन विकास प्रबंधन व ग्रामीण समुदायों हेतु आजीविका के विषय पर आवश्यक सूचना व सहयोग किया जा सके।

कार्य के अंतर्गत सभी जुडे हुए उदेश्यों की पूर्ति एवं समन्वयन हेतु बीआरएलएफ वित्तीय सहायता, क्षमतावर्धन, शोध व ज्ञान केंद्र के निर्माण आदि की दिशा में सिविल सोसाइटी संस्थाओं, समुदाय आधारित संस्थाओं/निर्वाचित/कार्यकालीन अधिकारियों/संबंधित विभागों व प्रोत्साहित साझेदारी/स्टेकहोल्डरों के बीच सहयोगी मॉडल आदि के साथ संस्थागत मज़बूती के लिये कार्यक्रम भी संचालित करता है।

इस संदर्भ में बीआरएलएफ इस बात को केंद्र में रखता है कि उन सिविल सोसाइटी संस्थाओं व कार्यक्षेत्र की अन्य संस्थाओं को

वित्तीय व निरीक्षक सहायता मुहैया कराए जो कि विकास या प्रभावशाली कार्य प्रदर्शन के बावजूद चुनौतियों के समय बिना सहयोग के उपेक्षित रह जाते हैं। उदाहरण के तौर पर, बीआरएलएफ के द्वारा सहयोग प्राप्त सिविल सोसाइटी के विकास कार्यों के एवज में मानव संसाधन व संस्थागत व्यय हेतु अनुदान दिया जाता है। इस संदर्भ में पोषित संस्था के लिये यह आवश्यक होता है कि वे उक्त कार्यक्रम के कुल खर्च का एक भाग स्वयं या किसी अन्य स्त्रोत से प्राप्त करे। परियोजना प्रबंधन पर खर्च किये जाने वाले अनुदान के एक भाग पर एक तरह का आवरण लगाया जाएगा, जो कि व्यवसायिक वेतनमान के अलावा होगा। इस आवरण को बीआरएलएफ द्वारा क्षमतावर्धन गतिविधियों द्वारा पूरित किया जाएगा जिसमें कि समानांतर रूप से विकास विशेषज्ञों के एक दल का निर्माण किया जाएगा जो कि शासन, सिविल सोसायटी व समुदाय के द्वारा क्षमतावर्धन गतिविधियों को आरंभ किया जाएगा।

बीआरएलएफ अपनी क्षमतावर्धन की गतिविधियों द्वारा सिविल सोसाइटी संस्थाओं, समुदाय आधारित संस्थाओं व पंचायती राज संस्थाओं के संस्थागत नेटवर्क व मानव संसाधन के स्त्रोतों को आवश्यक ढांचागत व्यवस्थाओं/मंच द्वारा मजबूती के साथ प्रोत्साहित करता है। इसलिये बीआरएलएफ की समस्त पहुंच विकास गतिविधियों का एक समुचित मॉडल है जो कि स्वशासी संस्थाओं व सामुदायिक संस्थाओं की समुचित विकास की रणनीति पर आधारित है।

बीआरएलएफ अपने ढांचे और समुचित उपागम के नवीन मॉडल के द्वारा राज्य व सिविल सोसाइटी की साझेदारी को प्रोत्साहित करता है जिससे लोगों का स्थायी, समुदाय आधारित संस्थानों के द्वारा सशक्तिकरण किया जा सके। विभिन्न समुदाय आधारित संस्थाओं के साथ अभिकल्पित इस कार्यक्रम के अनुरूप बीआरएलएफ मौजूदा प्रणालीगत, ज्ञान व नीतिगत अंतर को संबोधित करते हुए क्रियान्वय नीतियों व ज्ञान/जानकारियों को सतत् सहायता देते हुए, तथा फीडबैक प्रणाली को संतुलित करता चलता है जो कि साझेदारों/पार्टनर संस्थाओं को और समांनांतर स्तर पर संबंधित समुदाय को भी प्रभावशाली क्रियान्वयन के लिये सशक्त बनाता है। बीआरएलएफ इस बात को अनिवार्य मानता है कि अपने साझेदारों के साथ प्रासंगिक विषयों पर नवीन पायलेट कार्यक्रमों पर नीति को वित्तीय व ज्ञान दोनों ही स्तर पर मदद करते हुए इस नवीन नीति को पूरी तरह अमल किया जाए।

सहभागी ग्रामीण क्रियाएं, पूर्व वित्त मूल्यांकन, प्रसारी संस्था चित्र श्रेयः राजीव राउल



चित्र 1 : बीआरएलएफ के प्रमुख स्तंभ व कार्यक्रम

उपरोक्तानुसार दिये गए अनिवार्य बिंदुओं को प्राप्त करने के लिये बीआरएलएफ इस बात का विमर्श प्रस्तुत करता है कि उचित माध्यमों से संसाधनों की बढोत्तरी की जाए ताकी उक्त उद्देश्यों का वित्तीय परिचालन सही प्रकार से हो सके। यह उचित माध्यम बैंक जैसे नाबार्ड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक, कॉरपोरेट सेक्टर/सीएसआर, मानव–सामाजिक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पोषक संस्थाएं व परोपकारी संस्थाएं हो,सकती हैं। संसाधनों को एकत्र करते समय सभी शासकीय निकासी व अनुमति से संबंधित सभी नियमों का पालन किया जाएगा।

बीआरएलएफ ने ज़मीनीस्तर के उन कार्यक्रमों की मदद करने में पहल की है जिन्हें शासन व बैंक की ओर से ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के लिये वित्तीय संसाधन दिया जाना तय हुआ है। बीआरएलएफ ऐसे परियोजनाओं को सहयोग करेगा जो कि तत्कालीन शासकीय कार्यक्रमों व बैंक के द्वारा विकास कार्यक्रमों के लिये सहायता लेना चाहते हैं, ताकि वे प्रमुख शासकीय कार्यक्रमों को परिचालन में अपने नए विचार के द्वारा सुधार और उन्नति ला सकें।

यह सही है कि बीआरएलएफ जिन कार्यक्रमों को सहयोग करेगा उनमें प्राथमिक स्तर पर कार्यक्रम पोषण / वित्तीय सहायता शामिल नहीं होगी, फिर भी बीआरएलएफ की एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी जिसके द्वारा वह उक्त कार्यक्रमों का समन्वयन तंत्र का विकास, राज्य शासन व क्षेत्र के अन्य संबंधित संस्थानों के साथ एमओयू तय कराने के द्वारा उत्प्रेरणा व कार्यक्रम के लिये वित्तीय सहायता की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।विषयगत अंर्तवस्तुओं व चित्र क्रमांक 2 में दिये गए विषयवस्तु बीआरएलएफ के कार्यक्रमों में मुख्य रुप से शामिल होंगे व बीआरएलएफ इन मुद्दों पर सहयोग प्रदान करेगा। वे कार्यक्रम जिनमें विषयगत मुद्दे सबसे ज्यादा परिलक्षित होंगे उन्हें बीआरएलएफ द्वारा प्राथमिक तौर पर सहयोग किया जाएगा।

बीआरएलएफ के कार्यों में विषयगत केंद्र

वॉटरशेड प्रबंधन	स्थायी योजना, प्रबंधन, जलस्त्रोतों का बंटवारा	परिणाम
सामुदायिक संपंति संसाधन(सीपीआर)	भूजल प्रबंधन वानिकी प्रबंधन सहभागी सिंचाई प्रबंधन	सम्मान के साथ स्थायी आजिविका
स्थायी आजीविका	बेहतर कृषि डेयरी मतस्यपालन वानिकी आदि	संसाधनों पर अधिक नियंत्रण
मूल्य आधारित विकास	कृषि/बागवानी/पशुपालन व अन्य संबंधित क्षेत्र। लघु वन उपज व कृषि जैविकी	संसाधन वहन की अधिक क्षमता
कौशल विकास	सज्जित ग्रामीण व्यवसायिक शिक्षित व प्रशिक्षित पंचायती राज प्रतिनिधि व शासकीय अधिकारी। सिविल सोसाइटी व समुदाय आधारित संस्थाओं की बेहतर सहभागिता के लिये कौशल प्रशिक्षण।	
समुचित आवास विकास	निवास पेयजल स्वच्छता ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन	ज़िम्मेदार, जवाबदेह, पारदर्शी प्रबंधन व स्वशासी संस्थाएं।
भोजन व पोषण	स्थायी कृषि उपयुक्त तकनीक। कीटनाशक एवं रासानियक मुक्त कृषि एवं श्री धान विधि। कृषि में मौसम परिवर्तन प्रतिरोध निर्माण खाद्य सुरक्षा व पोषण	शासकीय कार्यकमों का बेहतर प्रदर्शन
स्थानिय संस्थाओं का निर्माण	सिविल सोसायटी संस्थाओं में आदिवासी व महिला नेतृत्व को बढाना। सशक्त व जानकारी से ओतप्रोत पंचायती राज प्रतिनिधि व शासकीय कर्मचारी। समुदाय द्वारा अधिकारित संस्थान।	मजबूत, अचल व सहभागी समुदाय आधारित संस्थाएं।
स्टेकहोल्डरों का क्षमता वर्धन	आधुनिक शिक्षाशास्त्र द्वारा चलित शिक्षा व कौशल प्रशिक्षण का परिचय/स्वीकृति उचित साधनों की लामबंदी, उपलब्धता व पहुंच के साथ कृषि मूल्य श्रृंखला का संस्थागत नेटवर्क	
अधिकार/विकास कार्यकम	सामाजिक लामबंदी जनचेतना विकास	
ज्ञानवर्धन/विकास	मूल्यांकन, शोध, प्रभाव अध्ययन, आवश्यकता आकलन, नीतिगत शोध व ज्ञान साधन क्षेत्रिय ज्ञान केंद्र – आजीविका, स्थायीत्व व एनआरएम।	

चित्र 2: बीआरएलएफ के कार्यों का विषयगत विवरण

बीआरएलएफ के कार्यों का भौगौलिक केंद्र

बीआरएलएफ का प्रारंभिक फोकस मध्यभारत के आदिवासी क्षेत्र पर होगा जो कि मुख्य रूप से ऐसे जिलों पर केंद्रित होगा जहां 20 प्रतिशत से अधिक आदिवासी समुदायों का निवास हो। इनमें उडिसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, राजस्थान व गुजरात के 1077 उप जिले या जनपद तथा 190 जिले शामिल हैं।

आरंभिक फोकस जनपद/उपजिलों पर किया जाएगा क्योंकि भारत में आदिवासी समुदायों का निवास जिला स्तर से अधिक जनपद स्तर पर अधिक है। इस दिशा में विकास व शासकीय प्रक्रिया को मिलाकर व उसके लाभ को प्राप्त करने के लिये यह बहुत आवश्यक है कि जनपद स्तर पर फोकस किया जाए।

पत्ता गोभी की खेती, माध्यपूर गांव, जिला किर्जांर, उडीसा, पी.एफ.ए सृष्टि सीनी श्रेय वृत्ति

मोखड़ खंड के चिदबोह गांव में आदिवासी समुदाय को जैविक बागवानी का प्रशिक्षण, सृजन समूहः श्रेय श्री मौहम्मद जाइंद

उन्नत कृशि यंत्र द्वारा मूंगफली की खेती, फसल पोशण पर श्रेय पुरलिया — श्रेय प्रधान

साझेदारः प्रदान, एफइएस, सृजन, बायफ
जिलेः सिरोही, भासवारा, उदयपुर, पाली

साझेदारः आगाखां रूरल सपोर्ट संस्थान, बायफ, परहित संस्थान, सृजन संस्थान, एफइएस, प्रदान

जिले : बडवानी, धार, खरगौन, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, शेओपुर, गुना, शिवपुरी, बालाघाट, सिंगरौली, मंडला, शहडोल, छिंदवाडा और अनूपपुर

साझेदारः प्रदान, सृजन
जिलेः धामतरी, उत्तर बस्तर कांकेर, बस्तर, रायगढ, कोरिया

साझेदारः बायफ, प्रदान

जिलेः कुंठी, पश्चिमी सिंहभूम, गोड्डा, गुमला, डुमका, हजारीबाग, लोहराडागा, बोकारो, रामगढ

साझेदारः प्रदान

जिले : बंकुरा, पाली, पश्चिमी मीदनापूर

साझेदारः सृजन, प्रदान, सेवा, एफइएस

जिलेः झारसुगुडा, संबलपुर, कंधमाल, कालाहांडी, कोरापट्ट, रायगढ, अंगुल

साझेदारः बीएआईएफ, सृजन, एफइएस

जिलेः गड़चिरौली, नंदूरबार, गोंडीया, यवतमल

साझेदारः एकेआरएसपीआई, बीएआईएफ, एफइएस

जिलेः डांग, व्यारा, तापी, नवसारी, सूरत, वल्साद, महीसागर

बीआरएलएफ स्वशासन

बीआरएलएफ की जनरल बॉडी व कार्यकारी समिति में केंद्र व राज्य शासन के प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सिविल सोसाइटी व कॉरपोरेट क्षेत्र, आर्थिक संस्थानों, जनसेवा क्षेत्र व मानवीय फाउंडेशनों के प्रमाणित अनुभवी, प्रतिबद्ध व बीआरएलएफ के उद्देश्यों से इत्तेफाक रखने वाले सदस्य हैं।

बीआरएलएफ के स्वशासी ढांचे द्वारा भारत भर में राज्य शासन के साथ एक सफल साझेदारी का सफल उदाहरण रखा जाएगा। कार्यक्रम एवं कार्यकारी संस्था के चयन की प्रकिया में राज्य का शामिल होना बहुत आवश्यक है। सभी संबंधित राज्य शासनों के सदस्य प्रोजेक्ट ग्रांट सिलेक्शन कमेटी, पीजीएससी के सदस्य हैं व उन्होंने वर्ष 2014 में 18–19 दिसंबर में हुई पहली कार्यकारी समिति की बैठक में भाग भी लिया था। सभी राज्य प्रतिनिधि बहुत उत्सुक हैं कि बीआरएलएफ और उनके बीच एक समन्यवन और सहयोगी व्यवस्था की स्थापना हो, सभी राज्यों के साथ औपचारिक समझौता जल्द ही तय होने वाला है।

बीआरएलएफ ने तीव्रता से अपनी आंतरिक व्यवस्थाओं को स्थापित किया है, इसके अंर्तगत अपनी शासकीय व्यवस्थाएं सक्षम टीम का चयन, नीतियों एवं प्रभारी व्यवस्थाओं को स्थापित कर चुका है। वर्तमान में इस व्यवस्था के आवश्यक कार्य आरंभ हो चुके हैं। एक अंतरिम अनुमोदन के द्वारा बीआरएलएफ को भारत शासन की ओर से 5 जनवरी 2015 को जारी किये गए आदेश के अनुसार आवश्यक व्यय करने हेतु GFR को लागू किया गया है। बीआरएलएफ के वित्तीय प्रबंध मैनुअल को भी अनुमोदन प्राप्त हो चुका है व कार्यकालीन आदेश जारी होना बाकी है। शेष सभी अनुमोदन सफलता के साथ प्रकिया में आ चुके हैं तथा अनुदान के साथ जमीनी स्तर पर कार्य भी आरंभ हो चुका है।

बीआरएलएफ व ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ एक समझौता पारित हुआ है जिसमें निजी मानवीय संस्थानों, सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के सामाजिक व सहकारी जवाबदेही के प्रभाग के साथ एक सक्रिय साझेदारी जारी की जा रही है, साथ ही अन्य स्टेकहोल्डर समूह संसाधनों को एकत्र कर सिविल सोसाइटी संस्थाओं द्वारा किये जा रहे सफल एवं प्रमाणित विकास कार्यक्रमों को बढाने व सहयोग करने का प्रयास किया जा रहा है।

बीआरएलएफ ने पूरी सफलता के साथ अपनी मूलभूत नीतियों का निर्माण किया है जिसमें वित्तीय अनुदान की स्वीकृति और निरिक्षण व्यवस्था के साथ मानव संसाधन नीतियां शामिल हैं। एक लघु कार्यकारी समिति संघटित की गई है जिसमें कार्यक्रम व पात्र संस्थाओं का चयन किया जाएगा। नियमानुसार कार्यक्रम व पात्र संस्थाओं की चयनकर्ता समीति ने नियमों व वित्तीय अनुदान देयक नीतियों में विभाजित किया गया है। बीआरएलएफ ने आवेदनों के अनुदान पूर्व मूल्यांकन हेतु एक मजबूत व्यवस्था को स्थापित किया है। इस संदर्भ में पहली बैठक दिनांक 18 व 19 दिसंबर वर्ष 2014 में संपन्न हुई जिसमें सात परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है। अनुमोदित उक्त सात कार्यक्रमों का विवरण आगे दिया गया है।

कार्यक्रमों के अनुमोदन में पूर्ण पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिये बीआरएलएफ ने टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस की सेवाएं प्राप्त की जिसमें सूचना तकनीक द्वारा निर्मित सूचना व प्रबंधन व्यवस्था पर आधारित एक सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है, जिसमें एक सरल व सक्षम प्रक्रिया के द्वारा कार्यक्रमों की स्थिति व प्रक्रिया को ऑनलाइन देखा व उपयोग किया जा सकता है। यह सॉफ्टवेयर अपने आप में एक अनूठा व सक्षम सॉफ्टवेयर है जो कि प्रधानमंत्री द्वारा दृष्टिगत भारतीय पारदर्शी स्वशासन में पारदर्शी ई–निविदा के लिये एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

सॉफ्टवेयर–एड 360 के द्वारा पात्र संस्थाओं के चयन से लेकर बीआरएलएफ द्वारा सहयोग किये जा रहे कार्यक्रमों के प्रत्येक गतिविधियों की एक पारदर्शी देखरेख व निरीक्षण सुनिश्चित किया गया है। पंजीकृत साझेदार अब सीधे ऑनलाईन बीआरएलएफ की वेबसाइट पर जाकर अपने परियोजना जमा कर अनुदान हेतु आवेदन कर सकते हैं। साथ ही बीआरएलएफ अपनी पारदर्शी व तत्पर प्रणाली के साथ व्यापक मूल्यांकन गतिविधियां आयोजित कर सकता है।

बीआरएलएफ ने अपनी वेबसाइट www.brlf.in शुरु की है। जिसमें बीआरएलएफ के बारे में संपूर्ण जानकारी दर्शाई गई है।

चित्र 3: बीआरएलएफ की संस्थागत व्यवस्था

बीआरएलएफ टीम, बैठे हुए, बाएं से, श्री रवि प्रकाष, श्री जुल्फीकार हैदर, श्री षरद भार्गवा, श्री कुलदीप सिंह, खडे हुए, बाएं से दांए, कुमारी वृति साहनी, श्री राजीव कुमार, राउल, डा. अरूणा पाडे, कुमारी षिप्रा भाटिया, श्री सुषील पाल, श्री पोलुष.

25 मार्च वर्ष 2015 को संपन्न कार्यकारी समिति की बैठक में बीआरएलएफ की कार्यकारी समिति द्वारा मानव संसाधन नीतियों को अनुमोदित किया गया।जिसमें कर्मचारियों के लाभ व मानदेय, कार्यप्रदर्शन मूल्यांकन प्रक्रियाओं आदि मानव संसाधन से जुडी विस्तृत प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है। मानव संसाधन नीति में कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन के निषेध पर एक स्पष्ट नीति भी शामिल है। इस संदर्भ में कार्यकारी समिति द्वारा एक शिकायत समिति भी स्थापित व अनुमोदित की गई है। इस बारे में पूरी प्रक्रिया स्पष्ट रूप से मानव संसाधन नीति में आलेखित की गई है तथा बीआरएलएफ द्वारा इसके कोर टीम के सदस्यों का निर्वाचन भी कर दिया गया है। कार्यकारी समिति के द्वारा बीआरएलएफ ने एक इंटर्नशिप व फैलोशिप नीति पर भी कार्य आरंभ किया है।कार्यकारी समिति द्वारा एक लघु समिति का गठन किया गया है जो कि इसकी प्रक्रिया की देखरेख व बीआरएलएफ की कोर समिति, उसके संरचना व ढांचे के संदर्भ में मार्गदर्शन देती रहेगी। इंटर्नशीप, फैलोशिप व संस्थागत साझेदारी की नीतियों पर अध्ययन करना व, इसके द्वारा साझेदारों के प्रमुख कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन व उसके दस्तावेजीकरण आदि को किया जाना है ताकि, इस बारे में शासन को अवगत कराया जा सके। इस बारे में प्रपत्र विकसित किया जा चुका है व वर्तमान में इसकी समीक्षा की जा रही है।

बीआरएलएफ की प्रथम साधारण सभा की बैठक 4 अप्रेल 2014 को योजना आयोग, नई दिल्ली के कक्ष क्रमांक 122 में आयोजित की गई थी। कार्यकारी समिति द्वारा इस बैठक में नियमानुसार वित्तीय व अंकेक्षण समिति का गठन किया गया। इसके अलावा बाह्य अंकेक्षण हेतु सीएजी पैनल में सम्मिलित अंकेक्षण फर्म को नियुक्त किया गया।इस बैठक के दौरान कार्यकारी समिति ने बीआरएलएफ कार्पस प्रबंधन नीति पर अपना निर्णय लिया। कार्यकारी समिति के निर्देशानुसार कार्पस निधि को एक बैंक में नियत खाते में जमा किया गया ताकि किसी प्रकार के निवेश के जोखिम से बचा जा सके।

बीआरएलएफ के कार्यों को अंतिम रूप देने हेतु कार्यकारी समिति की दो परवर्ती बैठकें 19 दिसंबर 2014 व 25 मार्च 2015 को संपन्न हुईं।बीआरएलएफ ने अनिवार्य वैधानिक अनुमतियां प्राप्त कर ली है, जिसमें इनकमटैक्स एक्ट के अंतर्गत पंजीयन की धारा 12ए व 80जी सर्टीफिकेट शामिल है।

बीआरएलएफ के द्वारा भारत शासन की ओर से कार्पस निधि प्राप्त करने, अन्य पोषक संस्थाओं की और से तथा एफसीआरए के तहत अनुदान प्राप्त करने हेतु चार भिन्न खाते खोले गए हैं। इन खातों का विवरण निम्न तालिका में दी गई है।

भारत सरकार की ओर से प्राप्त कॉरपस निधि

खाते का नाम : **भारत रुरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन**
खाता क्रमांक : 000394600000384
खाता प्रकार : बचत
बैंक का नाम : येस बैंक लिमिटेड
प्लॉट नंबर – 11/46 शॉपिंग सेंटर
डिप्लोमेटिक एनक्लेव, मालछा मार्ग
नई दिल्ली – 110021

एफसीआरए रजिस्ट्रेशन

खाते का नाम : **भारत रुरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन**
खाता क्रमांक : 000393900000039
खाता प्रकार : बचत
बैंक का नाम : येस बैंक लिमिटेड
प्लॉट नंबर – 11/46 शॉपिंग सेंटर
डिप्लोमेटिक एनक्लेव, मालछा मार्ग
नई दिल्ली – 110021

अन्य पोषक संस्थाओं से वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु

खाते का नाम : **भारत रुरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन**
खाता क्रमांक : 000394600000391
खाता प्रकार : बचत
बैंक का नाम : येस बैंक लिमिटेड
प्लॉट नंबर – 11/46 शॉपिंग सेंटर
डिप्लोमेटिक एनक्लेव, मालछा मार्ग
नई दिल्ली – 110021

संस्थागत विकास व साझेदारी हेतु टाटा ट्रस्ट एंडोवमेंट फंड प्राप्त करने हेतु

खाते का नाम : **भारत रुरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन**
खाता क्रमांक : 000394600000443
खाता प्रकार : बचत
बैंक का नाम : येस बैंक लिमिटेड
प्लॉट नंबर – 11/46 शॉपिंग सेंटर
डिप्लोमेटिक एनक्लेव, मालछा मार्ग
नई दिल्ली – 110021

पारदर्शिता व जवाबदेही

पारदर्शिता व जवाबदेही के उच्च मापदंड स्थापित करने के लिये बीआरएलएफ ने अपने लेखा कार्यों व गतिविधियों के साथ अपनी वार्षिक रिपोर्ट व ऑडिट रिपोर्ट को अपनी वेबसाईट पर प्रकाशित किया है। बीआरएलएफ द्वारा विकसित एड 360 अनुदान प्रबंधन सॉफ्टवेयर इस बात की सुविधा प्रदान करता है कि संबंधित स्टेकहोल्डर बीआरएलएफ द्वारा आवेदित/अनुमोदित कार्यक्रम के परिणामों का निरीक्षण कर सके। इस साफ्टवेयर के द्वारा बीआरएलएफ के साझेदार प्रत्येक कार्यक्रम /कार्य आवेदन के कार्यक्रम विकास व प्रबंधन प्रक्रिया को पूर्ण रूप देख व जांच सकते हैं। यह साफ्टवेयर बीआरएलएफ टीम को इस बात की अनुमति भी देता है कि वह प्रत्येक कार्यक्रम के परिणामों का निरीक्षण कर सके। कार्यक्रमों के किसी भी कार्य/गतिविधि में विलंब होने से यह साफ्टवेयर अपने आप सर्तकता के संकेत भेजता है जिससे कि कार्यक्रम की प्रभावशाली व गतिविधियों का समयानुसार समापन होता रहता है। सभी सम्मिलित स्टेकहोल्डर आसानी से डाउनलोड योग्य सामग्री बहुत कम समय और आसानी से डाउनलोड कर सकते है, जो कि अच्छी पहुंच और जबावदेही जैसे कारकों को सुनिश्चित करती है।

बीआरएलएफ पूरी सक्रियता व स्वैच्छा के साथ सभी संबद्ध जानकारियों को सूचना के अधिकार एक्ट 2005 के तहत मुहैया कराएगा। बीआरएलएफ इस बात के लिये भी उत्तरदायी होगा कि Comptroller and Auditor General (C&AG) of India के द्वारा उसका अंकेक्षण/ऑडिट किया जाएगा।

समुदाय के साथ योजना बैठक, चबुकमरी, नारायणपत्ना खंड, जिला कोरापुर, फच्चरी खाड, श्रेय: बिजय टोपो

गांव में षरीफा संग्रहण केन्द्र, श्रेय सृजन

आधार रेखा एवम् जरूरतों को आकलन सर्वेक्षण, समुदाय संसाधन व्यक्ति द्वारा कडाना खंड, जिला माहीसागर, श्रेय एफ.ई.एस

विश्व जल दिवस 2015 उत्सव समारोह, पंचायत समिति जाडोल, जिला उदयपुर, राजस्थान, श्रेय श्री हेमन्त

निधि / अनुदान जुटाना

बीआरएलएफ व ग्रामीण विकास मंत्रालय के बीच तय हुए अनुबंध के अनुसार, बीआरएलएफ को निजी योगदान या समग्र योगदान या अन्य पोषकों से वार्षिक वित्तीय अनुदान / सह वित्तीय सहायता के द्वारा 100 करोड रूपये एकत्र करने का लक्ष्य था। वर्तमान में बीआरएलएफ के लिये निधिकोष की स्थिति निम्नानुसार है:

कार्पस निधि : बीआरएलएफ को 10 करोड रूपये (5 करोड रूपये नवाजबाई रतन टाटा ट्रस्ट व अन्य 5 करोड रूपये सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट) की ओर से प्राप्त हुए हैं। अन्य 1.5 लाख डॉलर (9 करोड रूपये) फोर्ड फाउंडेशन की ओर से देना तय हुआ है, किंतु यह राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है।

वार्षिक अनुदान : एक करोड रूपये वार्षिक अनुदान के रूप में प्राप्त किये गए हैं, जिसमें से 90 लाख यूएनडीपी की ओर से प्राप्त हुए हैं।

सह–वित्तीय सहायता बीआरएलएफ द्वारा आवेदित प्रत्येक कार्यक्रम के लिये एक महत्वपूर्ण पूर्व आपेक्षित शर्त है। बीआरएलएफ द्वारा पोषित प्रत्येक कार्यक्रम की कुल कीमत का न्यूनतम 20 प्रतिशत व्यय बीआरएलएफ के अलावा अन्य स्त्रोतों से सुनिश्चित होना चाहिये। कुल 7 परियोजना आवेदन जिन्हें बीआरएलएफ ने अनुमोदित किये हैं उनमें 65 करोड रूपये सह वित्तीय सहायता हेतु साझेदारों द्वारा सुरक्षित किये गए हैं। इनमें 25 करोड रूपये निजि स्त्रोतों से व 40 करोड रूपये विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों व शासकीय संस्थानों जैसे नाबार्ड आदि से मुहैया कराए गए हैं।

पशु टीकाकरण, जिननिया समूह, श्रेय: ए.के.आर.एस.पी

मुर्गी पालन टपन खंड, पश्चिम बंगाल, पूर्व वित्त मूल्यांकन, टी.एस.आर.डी, श्रेय राजीव राउल

उन्नत कृषि यंत्र संचालन का प्रयोग एस.आर.आई खेत में, पूर्व वित्त मूल्यांकन, श्रेय राजीव राउल

दाल लुगदी बनाने का काम, लुगदी यंत्र द्वारा श्रेय : सृजन

अजोला की खेती, पूर्व वित्त मूल्यांकन, प्रसारी श्रेय राजीव राउल

श्री काशीराम टेकम, एक मेहनती किसान, मेहलारी गांव, मोखंड खंड का रहने वाला है, जो कि गड्ढे भरने की प्रक्रिया में सम्मिलित है। गड्ढे भरने की क्रिया में जैविक खाद जैसे कि वर्मी कम्पोस्ट, नीम की खली, महुआ की खली और रैंडी की खली को मिट्टी में मिश्रित किया जाता है। श्रेय: श्री मौहम्मद जाईद

कार्यक्रम व गतिविधियां

बीआरएलएफ के कार्यक्रम व उनकी गतिविधियां तीन महत्वपूर्ण स्तंभों के आसपास संरचित है। 2014 व 2015 में निष्पादित किये गए मुख्य कार्यक्रम / गतिविधियां इस प्रकार हैं :

वित्तीय सहायता

बीआरएलएफ ने सिविल सोसाइटी संस्थाओं से कार्य आवेदनों को आमंत्रित किया है जिनका झुकाव शासकीय योजनाओं व कार्यक्रमों द्वारा गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन व विकास के साथ प्रभावशाली कार्य करने में है। बीआरएलएफ द्वारा सितंबर 2014 तक उन संस्थाओं को आमंत्रित किया जो कि शासकीय कार्यक्रमों व अनुदानों के साथ जुडकर मध्यभारत के आदिवासी क्षेत्रों में कार्य करना चाहते हैं। अंतिम तिथि तक कुल 127 कार्य आवेदन प्राप्त हुए थे। इन सभी कार्य आवेदनों पर बीआरएलएफ द्वारा आवश्यक माप व समीक्षा के आधार पर जांचा व परखा गया जिसके बाद 77 कार्य आवेदनों को अपूर्ण या मापदंडों पर पर सही नही पाया गया, 7 अब भी प्रक्रिया के अधीन हैं, 7 अनुमोदित कर दिये गए हैं तथा 22 क्षेत्र निर्धारण के विभिन्न स्तरों से गुजर रहे हैं।

निम्न तालिका 1 में प्राप्त किये गये कार्यआवेदनों की तात्कालिक स्थिति का विवरण दिया गया है।

कार्य आवेदन श्रेणियां	संख्या	स्थिति / रिमार्क
आज तक प्राप्त किये गए कुल कार्य आवेदन	161	
पूछताछ / परिकल्पना प्रपत्र / नियत दिनांक के भीतर प्राप्त कार्य आवेदन	127	15 अप्रेल 2014 से 15 सितंबर 2014 के बीच
निरीक्षण किये गए कार्य आवेदन	127 कार्य आवेदन जिनमें से 113 पूर्ण कार्य आवेदन थे।	अनुदान–पूर्व निर्धारण–व डेस्क रिव्यू (127 मेंसे 113 कार्यआवेदन पूर्ण थे बाकी पूछताछ / परिकल्पना पत्र आदि थे।)
निरस्त कार्य आवेदन	77	निरस्त पत्र भेजा गया।
अनुमोदित कार्य आवेदन	7	अनुमोदन पत्र भेजा गया, अनुबंध पत्र हस्ताक्षरित हुआ व अनुदान दिया गया।
कार्य आवेदन जो कि अनुदान–पूर्व निर्धारण के लिये चयनित हुए।	22	7 अनुदान पूर्व निर्धारण : 15 योजनाधीन
कार्य आवेदन निर्णय हेतु विचाराधीन है।	7	आंतरिक मूल्यांकन होना बाकी है।
कार्य आवेदन के आमंत्रण के पूर्व बाद प्राप्त हुए कार्य आवेदन।	35	अगला कार्य आवेदन का आमंत्रण के समय विचाराधीन

चित्र 4: प्राप्त कार्य आवेदनों के विवरण।

अगले चरण में ऐसे कार्य आवेदन जो क्षेत्रगत मूल्य निर्धारण की श्रेणी में खरे उतर रहे हैं उन्हें पीजीएससी की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रत्येक कार्यआवेदन जो कि बीआरएलएफ में प्रस्तुत किया जाएगा उसमें महत्वपूर्ण पात्रता के बिंदु इस प्रकार होंगे।

- शासन एवं/बैंक के उपलब्ध प्रमुख कार्यक्रमों से वित्तिय एवं कार्यक्रम संसाधन प्राप्त करना।
- बीआरएलएफ में आवेदित कार्यक्रम के कुल व्यय का 20 प्रतिशत अन्य पोषक संस्था के द्वारा सह पोषित किया जाना चाहिये। इस योगदान में प्रमुख शासकीय कार्यक्रम/बैंक या स्थानिय समुदाय से प्राप्त व्यय को मान्यता नहीं दी जाएगी।
- आदिवासी समुदाय, विशेषकर महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित कार्यक्रम।
- सिविल सोसाइटी संस्थाओं/पंचायतीराज/शासकीय अधिकारीगण/ग्रामीण युवा/महिला समूह व समुदायों के क्षमतावर्धन हेतु गतिविधियां।

बीआरएलएफ द्वारा पोषित कार्यक्रम का एक अनिवार्य कारक यह भी है कि सिविल सोसाइटी के साझेदारों को राज्य शासन के साथ साझेदारी करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रमुख शासकीय कार्यक्रमों का क्रियान्वयन नवीन विचारों के साथ सफल हो। इस उद्देश्य की दिशा में अनुमोदित हुए सात कार्यक्रमों में निम्न नवीन पायलेट व नवीन प्रयासों को शामिल किया गया है।

- सभी साझेदार इस बात को सुनिष्चित करेंगे कि कार्यक्रम की समाप्ति तक किसान गैर–रासायनिक कृषि प्रबंधन को अपनाने का प्रयास करेंगे।
- प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान : स्वच्छता पर कार्य या ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर पायलेट।
- प्रधानमंत्री जन धन योजना – सभी कार्य परियोजनाएं इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि सभी प्रतिभागियों का शासकीय वित्तीय संभागों में समावेश हो।
- सहभागी भू–जल प्रबंधन–साझेदारों को उक्त विषय पर पायलेट कार्य शामिल करना।
- प्रधानमंत्री स्वास्थ्य कार्ड योजना – सभी साझेदारों को सभी परियोजना क्षेत्र में आमुख मुद्दों पर प्रतिभागी परिवारों के साथ सहभागी क्रियान्वयन करना है।
- साझेदारों को विभिन्न क्रय योग्य उत्पादों के मूल्यश्रृंखला को प्रोत्साहित करना।

  साझेदारों को इस बात के लिये सूचित कर दिया गया है कि उन्हें निम्नलिखित नवीन योजनाओं जो कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषित किये गए हैं, में अपना सहयोग सुनिश्चित करना होगा।
- प्रधानमंत्री बीमा योजना – सभी कार्य आवेदनों में यह सुनिश्चित कर दिया गया है सभी प्रतिभागी प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत आवरित होंगे।
- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना : सभी कार्यआवेदनों में यह सुनिश्चित कर दिया गया है कि सभी प्रतिभागी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत आवरित होंगे।

अग्रलिखित ग्राफ, किये गए प्रयासों, उनके परिणामों व हितग्राही परिवारों की संख्या, जो कि बीआरएलएफ द्वारा अनुमोदित 7 वित्त पोषित कार्य आवेदनों द्वारा प्राप्त किये जा रहे हैं।

अनुमोदित कार्यक्रमों द्वारा क्षमतावर्धन के प्रयास/ समुदाय आधारित संस्थाओं का मजबूतीकरण के द्वारा आगे चलकर 4,465 स्वयं सहायता समूहों का संस्थापन/ 4,465 स्वयं सहायता समूहों का मजबूतीकरण/ किसान क्लब/ ग्राम विकास समितियों का गठनः 19 संघ/ उत्पादक संस्थाएं/ सहकारी संस्थाएं तथा 30 लघु समुदाय आधारित संस्थाओं का प्रशिक्षण व वित्त सहायता के द्वारा मजबूतीकरण किया जाएगा। इसीके साथ बीआरएलएफ ने संबंधित क्षेत्रों के 30 गांवों में स्वच्छ भारत अभियान (स्वच्छता/पेयजल/ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन) के पायलेट कार्यक्रम हेतु वित्तीय सहायता अनुमोदित कर दी है। साथ ही संबंधित क्षेत्रों में 111,000 हेक्टेयर क्षेत्र में भूमि विकास गतिविधियों के कार्यक्रम भी अनुमोदित किये हैं।

बांस षिल्प, चबुकमरी गांव, नारायणपत्ना खंड जिला कोरेपुट, मार्च 2015, श्रेय प्रदीप मिश्रा

कार्यक्रमों के परिणामों से प्रत्यक्ष लाभार्थी परिवारों की संख्या



प्रस्तुत ग्राफ के द्वारा यह दर्शाया गया है कि बीआरएलएफ द्वारा अनुमोदित 7 सीएसओ अनुदान कार्यक्रम में संभावित परिवार किन गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से लाभांवित होंगे।

क्षमतावर्धन के प्रयासों द्वारा हितग्राहीयों की संख्या



प्रमुख शासकीय योजनाएं व कार्यक्रम जिन्हें सम्मिलित किया जाना है

1.	प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान : स्वच्छता कार्य व / या ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर पायलेट कार्यक्रम
2.	प्रधानमंत्री जनधन योजना : सभी प्रतिभागियों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना।
3.	प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना।
4.	प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना।
5.	समुचित वॉटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम।
6.	आदिम विकास विभाग।
7.	गुजरात जल संसाधन विकास निगम।
8.	पशुपालन विभाग।
9.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट।
10.	राष्ट्रीय कृषि विकास योजना।
11.	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन।
12.	राष्ट्रीय मिशन National Mission for Sustainable Agriculture
13.	राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन।
14.	महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना।
15.	जल एवं स्वच्छता प्रबंधन संस्थान, गुजरात प्रशासन।
16.	राष्ट्रीय ऋण एवं NABFIN बैंक
17.	केंद्रिय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय
18.	पश्चिम बंगाल लघु सिंचाई त्वरित विकास कार्यक्रम
19.	राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक – आदिम विकास कोष

अनुमोदित कार्यक्रमों में प्रमुख योजनाबद्ध कार्य

1.	सहभागी भूजल प्रबंधन पायलेट कार्यक्रम
2.	प्रधानमंत्री '' स्वास्थ्य कार्ड योजना।
3.	विभिन्न बाजार योग्य उत्पादों के मूल्य प्रोत्साहन
4.	संबंधित गावों में आजीविका वृद्धि के उद्देश्य के साथ भूमि व जल संसाधनों में वृद्धि।
5.	समुचित वॉटरशेड प्रबंधन।
6.	टारगेट ग्रामों में कृषि उत्पादनों में वृद्धि।
7.	सहभागी सिंचाई प्रबंधन।
8.	बागवानी व वृक्ष आधारित खेती का विकास।
9.	डेयरी विकास व पशुपालन
10.	सीताफल, मसाले, छोटा बाजरा व राष्ट्रिय वन उत्पादों की प्रोसेसिंग के लिये मूल्यनिर्धारण में प्रोत्साहन।
11.	कृषि संरक्षण को वृहत स्तर पर प्रोत्साहन व गैर रासायनिक प्रबंधन को प्रोत्साहन।
12.	चुने हुए संकुलों में नगदी फसलों के उत्पादन को बाजार में उच्च मूल्यों के साथ संबंधित संकुलों के निर्माण हेतु समन्वय।
13.	वृहत स्तर पर समुदाय आधारित महिला संस्थाओं व महिला स्वयंसहायता समूहों व संघों को प्रोत्साहन।
14.	बैंक संबंधों के द्वारा ऋण लाभ लेना।
15.	कृषक उत्पादक कंपनियों की स्थापना व उन्हें प्रोत्साहन देना।
16.	सामुदायिक संस्थाओं/पंचायती राज संस्थाओं का क्षमतावर्धन, खासकर संबंधित ग्रामों में प्रसारित प्रमुख आजीविका योजनाओं पर सहभागी योजनानिर्माण।
17.	मध्यभारत के आदिवासी क्षेत्र में साझा समुदाय आधारित संस्थाओं के नेटवर्क को मजबूत करना।
